स्वास्थ्य कैम्प का आयोजन

दिनांक 05-11-2023 को गुरु गोरक्षनाथ इंस्टीट्यूट ऑफ़ मेडिकल साइंसेज बालापार द्वारा ग्राम सभा बंगला जं डुमरी न. - 2 में एक विशाल स्वास्थ्य कैम्प का आयोजन किया गया | कैंप का उद्धाटन पिपराइच के विधायक महेंद्र पाल सिंह ने किया उन्होंने अपने सम्बोधन में गुरु गोरक्षनाथ इंस्टिट्यूट का इस नेक काम के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह इंस्टीट्यूट जब से खुला तबसे इस क्षेत्र कई कैम्प लग चुके और सैकड़ो लोग लाभान्वित हुए विशिष्ट अतिथि पिपराइच ब्लाक प्रमुख जनार्दन जैसवाल व प्रमुख भटहट राघवेंद्र सिंह भी मौजूद थे | अपने संबोधन में इंस्टीट्यूट के निदेशक कर्नल (डॉ.) राजेश बहल ने कहा कि यह चिकित्सालय लोगों को उत्तम स्वास्थ्य प्रदान करके के लिए कटिबद्ध है उन्होंने उपस्थित सभी का आभार व्यक्त किया | चिकित्सालय के डॉक्टरों में डॉक्टर राकेश सिंह, डॉक्टर ओपी सिंह, डॉक्टर प्रदीप कुशवाहा, डॉक्टर भरत डॉ हरिवंश यादव। स्वास्थ्य कैंप में कुल 785 मरीजों का परीक्षण किया गया जिसमें 11 मरीज मोतियाबिंद के चिन्हित हुए और आवश्यक जांच तथा दवाइयां वितरित की गई कैम्प के आयोजन में विजेंद्र जयसवाल अध्यक्ष अशोक निषाद एवम उनकी टीम बहुत योगदान रहा संचालन अनिल पांडेय ने किया | अंत में चिकित्सालय के प्रबंधक गिरिजेश कुमार मिश्रा ने उपस्थित सभी चिकित्सालय स्टाफ ,नर्सिंग कॉलेज की छात्राओं का आभार व्यक्त किया |